27/8/2022

Ch-4

⇒ **यूरोपीय संघ की कमजोरियां :-**

(i) इसके सदस्य देशों की अपनी विदेश और रक्षा नीति है जो कई बार एक-दूसरे के खिलाफ भी होती है। जैसे - इराक पर हमले के मामले में।

(ii) यूरोप के कुछ हिस्सो में यूरो मुद्रा को लागू करने को लेकर नाराजगी है।

(iii) डेनमार्क और स्वीडन ने मास्ट्रिस्स संधि और साझी यूरोपीय मुद्रा यूरो को मानने का विरोध किया।

(iv) यूरोपीय संघ के कई सदस्य देश अमरीकी गठबंधन में थे।

(v) ब्रिटेन यूरोपीय संघ से जून 2016 में जनमत संग्रह के द्वारा अलग हो गया है।

(2.) **दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) :-**

⇒ दूसरे विश्व युद्ध से पहले और उसके दौरान, एशिया का यह हिस्सा बार-बार यूरोपीय और जापानी उपनिवेशवाद का शिकार हुआ तथा भारी राजनैतिक और आर्थिक कीमत चुकाई।

⇒ टकरावो और भागमभाग की ऐसी स्थिति को दक्षिण-पूर्व एशिया संभालने की स्थिति में नहीं था।

⇒ 1967 में इस क्षेत्र के पाँच देशों ने बैंकॉक घोषणा पर हस्ताक्षर करके 'आसियान' की स्थापना की। ये देश थे - इंडोनेशिया (I), मलेशिया (M), फिलिपीस (P), सिंगापुर (S) और थाईलैंड (T)।

⇒ बाद के वर्षों में ब्रुनेई (B) दारूस्सलाम, वियतनाम (V), लाओस (L), म्यांमार (M) और कंबोडिया (C) भी आसियान में शामिल हो गए तथा इसकी सदस्य संख्या 10 हो गई।

⇒ आसियान का उद्देश्य (i) मुख्य रूप से आर्थिक विकास को तेज करना और उसके माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हासिल करना था।

Page No.: PANKAJ
Date: / /

(ii) कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र के कायदों पर आधारित क्षेत्रीय शांति और स्थायित्व को बढ़ावा देना भी इसका उद्देश्य था।

⇒ Association of Southeast Asian Nation (ASEAN)
दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान)

⇒ आसियान शैली (Asean Way) :— अनौपचारिक टकरावरहित और सहयोगात्मक मेल-मिलाप का नया उदाहरण पेश करके आसियान ने काफी यश कमाया है और इसको 'आसियान शैली' ही कहा जाने लगा है।

⇒ आसियान के तीन स्तम्भ :— 2003 में बनाए।
(i) आसियान सुरक्षा समुदाय
(ii) आसियान आर्थिक समुदाय
(iii) आसियान सामाजिक-सांस्कृतिक समुदाय

⇒ आसियान क्षेत्रीय मंच (Asean Regional forum) (ARF) :— आसियान के देशों की सुरक्षा और विदेश नीतियों में तालमेल बनाने के लिए 1994 में आसियान क्षेत्रीय मंच की स्थापना की गई।

⇒ मुक्त व्यापार क्षेत्र (Free Trade Agreement) (FTA) :—

आसियान ने निवेश, श्रम, और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर भी ध्यान दिया।

Page No.:
Date: / /

→ **आसियान विजन 2020** :— (i) आसियान विजन 2020, आसियान द्वारा निर्धारित किये गए लक्ष्यों की सूची है।

(ii) 2020 तक आसियान विश्व में बहिर्मुखी भूमिका निभाना चाहता है।

(iii) सभी आपसी विवादों का समाधान बातचीत से करना भी आसियान विजन 2020 का मुख्य बिंदु है।

(iv) बातचीत के लिए 1999 से नियमित रूप से वार्षिक बैठक आयोजित की है।

→ **आसियान का झंडा** :— (i) बीच में 10 धान की बालियों को दिखाया गया जो कि आसियान के देशों की एकता को दिखाता है।

(ii) नीला रंग शांति और स्थिरता का प्रतीक है।

(iii) लाल रंग साहस और गतिशीलता को दर्शाता है।

(iv) सफेद रंग शुद्धता और पीला रंग समृद्धि का प्रतीक है।

→ **भारत और आसियान** :— (i) शुरूआत में भारत ने आसियान पर ज्यादा ध्यान नही दिया पर बाद में भारत ने आसियान के देशों के साथ सम्बन्ध सुधारे और व्यापार को बढ़ावा दिया।

(ii) 1991 में भारत द्वारा 'पूर्व चलो' (Look East) और 2014 में 'एक्ट ईस्ट' (Act East) नीति अपनायी।

(iii) भारत ने दो आसियान देशो सिंगापुर और थाईलैंड से मुक्त व्यापार समझौता किया।

(iv) 2010 में आसियान-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र व्यवस्था लागू हुई।

(v) 25 जनवरी 2018 को नई दिल्ली में रजत जयंती मनाई गई।